पंजाब केसरी

MONDAY 19 March 2012

दो दिवसीय नि:शुल्क जांच का शिविर संपन्न

शिविर में 1650 रोगियों ने करवाई जांच

पिंजौर, 18 मार्च (तरसेम, रावत): स्थानीय व्हाइट हाऊस में अम्बाला हैल्थ केयर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क हृदय, दिमाग एवंम बच्चों की जांच का शिविर आज संपन्न हो गया।

इस मौके पर बाल कल्याण परिषद्व एवं सोसायटी की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि कैंप में 1650 मरीजों की जांच की गई जिसमें 455 मरीजों की मुफ्त ईको टैस्ट, 500 मरीजों की ई.सी.जी., 200 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के पहले दिन जांच करवाने पहुंचे लोगों से क्षेत्र में कैंसर व आंखों के रोग के शिविर की भी मांग रखी।

उनकी मांग पर विचार करते हुए सोसायटी ने निर्णय लिया है कि अगले माह से पिंजौर में एक मोबाइल वैन जाएगी जिसमें डाक्टरों की टीम समेत उनके उपकरण भी उपलब्ध होगें वे मौके पर जाकर ही कैंसर और आंख के रोगियों की जांच की जाएगी। व्हाइट हाऊस के एम.डी. संत राम शर्मा ने भी अहम योगदान दिया है।

ला
शि